## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम टांडा के पास ट्रेलर ने स्कूटी सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महेन्द्र कुमार शुक्ला 35 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 कुम्हारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, तभी ग्राम टाड़ा के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 एबी 3145 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर अधेड़ को पीटा

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम चीचा में उधार पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक ने अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूनदास बंजारे 56 वर्ष ग्राम चीचा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ईशू बंजारे ने उधार पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब परिवहन करते बाइक सवार गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आरंग पुलिस ने महासमुंद तिराहा के पास अवैध शराब की परिवहन करते बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महासमुंद तिराहा के पास बाइक सवार आरोपी मनोज कुमार जोशी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 5280 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वन भूमि पर अतिक्रमण, रेत के अवैध उत्खनन करने की शिकायत: मुख्यमंत्री ने कार्यवाई के निर्देश दिए

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में रायपुर जिले के लखना से आए ग्रामीण ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करके गांव के समीप वन भूमि पर अतिक्रमण और रेत के अवैध उत्खनन कर परिवहन करने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले का परीक्षण कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्राप्त आवेदन वनमंडलाधिकारी को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। जनदर्शन के दौरान रायपुर जिले के ही आरंग विकासखंड की ग्राम पंचायत भलेरा के ग्रामीणों ने सरपंच और पंच के खिलाफ मनरेगा में फर्जीवाड़ा की शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच कराने का आवेदन दिया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर रायपुर को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### विजय शर्मा बने बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** विजय शर्मा बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। अरुण साव कांकेर जिले के, लखन लाल देवांगन कोंडागांव और टंकराम वर्मा नारायणपुर जिले के प्रभारी बनाए गए है। बाकि मंत्रियों की जिम्मेदारी यथावत रहेगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

# प्रदेश की सरकार आदिवासी अधिकार, उनके विकास और संस्कृति की रक्षा एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध - विजय शर्मा

- उपमुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर और उनके योगदान की सराहना की
- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम तरेगांव जंगल और रेंगाखार में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर । आरएनएस**



उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के आदिवासी एवं बैगा बहुल बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम तरेगाव जंगल के एकलव्य आर्दश आवसीय विद्यालय परिसर और ग्राम रेंगाखर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी, वीर शहीद गुंडाधुर, शहीद वीर नारायण सिंह और धरती आबा बिरसा मुंडा के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ग्राम तरेगांव जंगल में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री शर्मा का आदिवासी परंपरा की विशेष पहचान फेटा (पगड़ी), कलगी, छिट और तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर और उनके योगदान को सराहा। उन्होंने आदिवासी अधिकारों और उनके विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और आदिवासी संस्कृति की रक्षा और संवर्धन के लिए जोर दिया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हम सब इस समाज के लोग विश्व आदिवासी दिवस पर एक साथ उपस्थित हुए है यह हमारे आदिवासी समाज के एकता का प्रतीक है। इसी तरह हम 15 नवंबर को धरती आबा बिरसा मुंडा के जयंती पर एक साथ मिलकर स्मरण करेंगे। उन्होंने इस क्षेत्र में समाज के प्रमुखों की प्रशंसा करते हुए बताया कि अपने समाज को एक जुट रख कर अपने समाज, अपनी परंपरा को बचाएं रखने का प्रयास करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में संचालित सभी आश्रम छात्रावास में जनभागीदारी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में आश्रम छात्रावास में पढऩे वाले बच्चों के पालक, जनप्रतिनिधि और बच्चों के माताएं शामिल होंगे। समिति के लिए सदस्यों का चयन प्रारंभ हो गया है। जनभागीदारी समिति आश्रम छात्रावास के व्यवस्थाओं देख रेख करेंगे। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि बच्चों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो। इसके लिए समाज को एक होकर कार्य करना है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि विशेष पिछड़ी बैगा जन जातियों के युवक और युवतियों के लिए एएनएम, बीएससी नर्सिंग का कोर्स कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैगा समाज के प्रमुख व्यक्ति अपने आसपास युवक और युवतियों को प्रेरित करें और बताए की जो युवक, युवतिया एएनएम, बीएससी नर्सिंग का कोर्स करना चाहते है उसकी पूरी व्यवस्था कराई जाएगी। इस दौरान ग्राम वासियों ने उप मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों, शिकायत के संबंध में आवेदन किया। उप मुख्यमंत्री ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संतोष पटेल, विदेशी राम धुर्वे, बरसती वर्मा, राम किनकर वर्मा, बलदाऊ चंद्रवंशी, झुम्मन चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, संतराम, सुंदर लाल बैगा, एसडीएम बोड़ला गीता रायस्त सहित जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। मंच का संचालन लालमनी सोनवानी ने किया।

## वन अधिकार पत्रधारकों कि मृत्यु पर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती-नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार आदि के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

- कलेक्टर-डीएफओ ने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को विस्तार से दिए प्रशिक्षण

**रायपुर । आरएनएस**



गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा 9 जुलाई 2024 को लिए गए निर्णय के अनुसार व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र धारकों की मृत्यु-फौत होने पर विधिक वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण एवं राजस्व-वन अभिलेखों में दर्ज करने और अन्य भूमि संबंधित कार्यवाही के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और वनमण्डलाधिकारी रौनक गोयल ने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को वन अधिकार मान्यता पत्र धारक का निधन होने पर फौती नामांतरण, विधिक वारिसानों के मध्य वन अधिकार पत्र की वन भूमि का बंटवारा, मान्य वन अधिकारों का सीमांकन एवं वन अधिकार पुस्तिका आदि अभिलेखों में त्रुटि सुधार के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला में फौती-नामांतरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर निर्धारित प्रारूप में ईश्तहार-ज्ञापन जारी करने, दावा आपत्ति प्राप्त करने, आपत्ति प्राप्त होने के स्थिति में सुनवाई कर नियम प्रक्रिया के तहत निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के संबंध में बताया गया। विधिक वारिसानों द्वारा फौती नामांतरण-संशोधन हेतु आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने, विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने के लिए छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 की भांति प्रकरण दर्ज कर धारा 110 के अधीन बने नियमों का पालन करते हुए प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान नक्शा काटने, खसरा नंबर, रकबा नंबर, वारिसानों को संशोधित वन अधिकार पुस्तिका (ऋण पुस्तिका) जारी करने सहित सभी तकनीकी पहलुओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से बताया गया।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 12 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर । आरएनएस**




राजस्व विभाग में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 12 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तोरण साहू 29 वर्ष राजेन्द्र नगर सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि कलेक्ट्रेड ऑफिस गार्डन के पास आरोपी नूतन दास महंत 34 वर्ष प्रार्थी व उसके दोस्त संजय कुमार को सरकारी राजस्व विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर 12 लाख 48 हजार रुपए ले लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। जिसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने इसकी थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## जंगली हाथी ने ली तीन महिलाओं की जान

**कोरबा । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जंगली हाथी ने गुरुवार को दो अलग अलग घटना में तीन महिलाओं को अपना शिकार बना लिया। एक ही दिन में तीन महिलाओं की हाथी के हमले में मौत के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

कटघोरा डी एफ ओ कुमार निशांत ने बताया कि जिले के कटघोरा वन मण्डल के रलिया गांव में गुरुवार सुबह जंगली हाथी देखा गया। रिहायशी ईलाके में घुसने के साथ ही हाथी आक्रामक हो गया है, जिसने ग्राम रलिया में मॉर्निंक वॉक पर निकली एक महिला पर हमला कर दिया। महिला का नाम गायत्री राठौर था। हाथी के हमले में गंभीर रुप से घायल महिला को कोरबा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हाथी के हमले में कुछ मवेशियों की भी जान चली गई है।

रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हाथी ने दिनभर उत्पात मचाया। वन विभाग का अमला उस पर नजर रखा हुआ था। बावजूद इसके देर रात खैरभवना गांव निवासी मंतराम चौहान की पत्नी और बहन को जंगली हाथी ने मौत के घाट उतार दिया। दोनों महिलाएं शौच के बाद वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान हाथी ने उन पर हमला कर दिया। वन विभाग और प्रशासन की टीम ग्रामीणों से निरंतर सतर्क कर रही है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी निरंतर हाथी पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए मुनादी करा दी गई है।

## घर में घूसकर सोने का हार व नगदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

गत दिनों आरंग थानाक्षेत्र में एक घर में घूसकर घर की आलमारी में रखा सोने का हार तथा नगदी चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने ङ्क्षगरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के पास से चोरी का हार बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शिवकुमार लोधी ग्राम कलई थाना आरंग का रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 15 मई को सुबह 6 गांव में चल रहे रोजगार गारंटी काम पर अपनी पत्नी के साथ गंगा जमुना तालाब चला गया था तथा घर में लडक़ी कल्पना लोधी थी प्रात करीब 9 खाना खाने घर आया खाना खाकर करीब 9:45 बजे पुन: तालाब चला गया उसी समय करीब 10बजे लडक़ी कल्पना लोधी ने तालाब में आकर बताई की एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में आया और ज़ब मैं नहा रही थी तो उसी समय घर अंदर घुसकर अलमारी को चाबी से खोलकर सोने का मंगलसूत्र एवं सोने का हार कीमती 125000 रु एवं नगदी 15000 रुपए चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 456 380 506 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला रायपुर तथा नगर पुलिस अधीक्षक माना के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आरंग राजेश सिंह उपनिरीक्षक आदोराम साहू एवं साइबर सेल रायपुर से सहायक उप निरीक्षक इरफान प्रधान आरक्षक वीरेंद्र भार्गव आरक्षक जसवंत सोनी लक्ष्मीनारायण साहू टुकेश निषाद मुनीर रजा मनीष पन्ना के द्वारा अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए मसरूका का लगातार पता तलाश कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदेही आरोपी का मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 डब्ल्यू 2284 के वाहन स्वामी आरोपी नारद दास गेंदरे पिता भुनेश्वर दास उम्र 35 साल साकिन बिलारी थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर हाल मेहता नगर भाटापारा शहर थाना भाटापारा शहर जिला बलौदा बाजार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पुछताछ में आरोपी ने घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र एवं एक नेकलेस हार एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को दिनांक 9 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है।

## हथकरघा में हुनरमंद हो रही महिलाएं और बालिकाएं

- विभिन्न ट्रेड में ले रही प्रशिक्षण

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में बस्तर संभाग के माओवादी आतंक से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक तरफ सुरक्षा कैंपों की सख्या बढ़ायी जा रही है। वहीं सुरक्षा कैंपों के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नियद् नेल्लानार जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की गई है। इस योजना के बेहतर और सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। लोगों का विश्वास फिर से शासन-प्रशासन के प्रति लौटने लगा है। नियद नेल्लानार योजना से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। युवा पढ़ाई के साथ साथ अपनी पसंद के ट्रेडस में प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। बेहतर शिक्षा के साथ उनका कौशल उन्नयन किया जा रहा है। दंतेवाड़ा जिले में शासन की महत्वकांक्षी योजना ''नियद नेल्लानार योजना'' के तहत बासनपुर कैंप के अंतर्गत आने वाले ग्राम गामावाड़ा की 21 महिलाओं को आजीविका के नये संसाधनों से जोडऩे के लिए हथकरघा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज में 12 छात्र भी एसोसिएट, डेस्कटॉप, असिस्टेंट, हैंड एंब्रॉयडरी, टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। ज्ञात हो कि ''नियद नेल्लानार योजना'' एवं प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को हुनरमंद बनाने के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण सत्र चलाये जा रहे हैं। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें बेरोजगार युवक-युवतियां किसी भी टेऊड में प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी बन सकते है।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार, लाखों के जेवर व नगदी बरामद

**बिलासपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर समेत कई जिलों के ज्वेलरी दुकानों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय बसोर गिरोह के सदस्यों को पकडऩे में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों ने प्रदेश के रायपुर, जांजगीर-चाम्पा, बालोद, बलौदाबाजार, अम्बिकापुर व बिलासपुर जिले के सीपत व चकरभाठा में सोने-चांदी के दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए आरोपियों से 33 किग्रा चांदी के जेवर, चांदी की सिल्ली, 125 ग्राम सोने के जेवर, 4 लाख रुपए नगदी, चोरी के लिए उपयोग में लाए एक कार, एक बाइक, 6 नग मोबाइल फोन जब्त किया गया है। आईजी ने बताया, आरोपियों को पकडऩे के लिए पुलिस ने 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले. टेक्निकल इनपुट के आधार पर संदिग्धों की पहचान के बाद उनके शरीर के टैटू/गोदना निशान से पुलिस अंतरराज्यीय गिरोह तक पहुंची।



मामले में पुलिस ने लालमन उर्फ बडका उम्र 54 साल निवासी बरहवाटोला, जिला सिंगरौली मप्र, (पूर्व में 11 अपराध दर्ज, रामधीन बसोर उम्र 56 साल निवासी बाघाडीह हथकौडापारा पीपरडाढ, सिगरौली मप्र (पूर्व में 17 अपराध दर्ज), सियाराम बसोर उम्र 51 साल निवासी लामीदह सरई थाना सरई जिला सिंगरौली मप्र (पूर्व में 15 अपराध दर्ज), लालजी उर्फ किनका बसोर उम्र 35 साल निवासी लामीदह सरई सिंगरौली मप्र (पूर्व में 08 अपराध दर्ज), राजेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा बनिया उम्र 37 साल निवासी गजरा बहरा थाना सरई जिला सिंगरौली मप्र (खरीददार), मनीश सोनी उर्फ सुशांत उर्फ सोनू उम्र 30 वर्ष निवासी मेन रोड गनयारी वैढन जिला सिंगरौली मप्र (खरीददार) तथा अमित सिंह उम्र 33 साल निवासी गनयारी थाना कोतवाली वैढन जिला सिंगरौली मप्र (खरीददार का सहयोगी) को गिरफ्तार किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU